जन्मदिन पर विधायक ने किया पौधारोपण, रक्तदान शिविर लगा

▶ शिव टेकड़ी पर प्रभारी मंत्री के साथ किया पौधारोपण

पानसेमल, (नवभारत)। विधायक श्याम बर्डे के जन्मदिवस पर पौधारोपण, स्वास्थ्य परीक्षण रक्तदान सहित अन्य कार्यक्रम संपन्न हुए। आयोजन में जिले के प्रभारी मंत्री डॉ गौतम टेटवाल, सुरेंद्र शर्मा, बाबूलाल यादव मौजूद रहे।

शहर के श्रीकृष्ण मंदिर के निकट उद्यान में बने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि देश से कई राज्यों में भाजपा की सरकार है, कांग्रेस का शासन कुछ ही राज्यों में बचा हुआ है, कांग्रेस पार्टी के बहुत से जनप्रतिनिधि अब भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्हें गले लगाना है और अब उन्हें इस तरह मिलाना है जैसे दूध में मिश्री को मिलाते हैं।

जानकारी के अनुसार सोमवार प्रात: विधायक बर्डे ने सपत्नीक बंधारेश्वर महादेव के दर्शन कर अभिषेक किया तथा माता-पिता का आशीर्वाद लेने रामपुरा अपने घर पहुंचे। जिसके बाद रामपुरा विद्यालय में बच्चों को मिठाई वितरित की। विद्यालय स्टॉफ के शिक्षक मंशाराम चौहान, रविन्द्र जगदाले एवं ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। इसके बाद शिव टेकड़ी पर प्रभारी मंत्री, वन विभाग के रेंजर रेवसिंह डावर, डिप्टी रेंजर राजू पाटिल वनरक्षक, अधिकारी कर्मचारी, पुलिस कर्मी सहित अधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं जनप्रतिनिधियों एवं समूह की दीदियों के साथ पौधारोपण किया।

इसके बाद जलगोन रोड़ स्थित पुष्कर अग्रवाल की जीनिंग में आयोजित जिला भाजपा सम्मलेन में शामिल हुए। आमजनों को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री डॉ टेटवाल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित भाजपा के वरिष्ठ एवं पूर्व पदाधिकारियों के जीवन के बारे में बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विधायक श्याम बर्डे के कार्यों की सराहना करते हुए कहा विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी, विधायक के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र के विकास में गति आई है। मंच पर कार्यक्रम के दौरान ही विधायक श्याम बर्डे को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मोबाइल पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंच से सांसद सुमेरसिंह सोलंकी, सुरेंद्र शर्मा, बाबूलाल यादव ने अपने विचार व्यक्त किए।

नगर के कॉटन व्यापारी संघ सहित सामाजिक संगठनों व अन्य समाजजनों द्वारा उनका अभिनन्दन किया। जन्मदिवस के अवसर स्वच्छता मित्रों को वस्त्र भेंट किए गए। अतिथियों का स्वागत आदिवासी समाज द्वारा होली के दौरान बनने वाली गैर द्वारा किया गया। बधाइयों का दौर सुबह से लेकर रात्रि तक जारी रहा। आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए एसडीओपी आयुष अलावा, थाना प्रभारी विजय रावत पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। सीबीएमओ डॉ राजेश ढोले ने अपनी टीम के साथ स्वास्थ्य परीक्षण किया। सीइओ अंतरसिंह डावर, बीइओ विनोद पाटीदार नगर परिषद, जनपद पंचायत व अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान मंच पर पूर्व विधायक दीवानसिंह पटेल, पूर्व विधायक चंद्रभागा किराड़े, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, जिला जनपद अध्यक्ष बलवंत पटेल, नप अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी, जपं अध्यक्ष शिला विनोद वसावे, प्रतिनिधि विनोद वसावे, पार्षद, जपं सदस्य, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय यादव, उपाध्यक्ष राम सोनाने, महामंत्री सचिन चौहान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र शितोले, लोकेश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन, चेनसिंह गदरे, रामचंद्र सोनीस, अन्य अधिकारी-कमचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

बैंक में लोगों को बताया सायबर क्राइम के बारे में

बड़वानी, (नवभारत)। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार में प्रदेशभर में संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान अंतर्गत एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी सेंधवा अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में नागलवाड़ी पुलिस ने बैंक ऑफ इंडिया शाखा ओझर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम किया। इस दौरान थाना पुलिस द्वारा बैंक ऑफ इंडिया शाखा ओझर में ग्रामीणों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक रामकुमार पाटील, सउनि राकेश मंडलोई चौकी प्रभारी ओझर एवं आर अरुण राठौड़ की सराहनीय भूमिका रही।

एक नजर में

डाटा एंट्री ऑपरेटर को दी समारोह पूर्वक विदाई

निवाली। जनपद शिक्षा केंद्र निवाली में पदस्थ डाटा एंट्री ऑपरेटर सुनील कोष्टी का स्थानांतरण गृह जिले में हो गया है। जिस पर बीआरसी कार्यालय के स्टॉफ द्वारा उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह के दौरान सुनील कोष्टी को शाल और श्रीफल भेंट किया गया। सुनील कोष्टी जनपद शिक्षा केंद्र निवाली को 11 वर्ष से अपनी सेवाएं दे रहे थे। जनपद शिक्षा केंद्र निवाली के समस्त स्टॉफ और शिक्षक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। साथ ही कोष्टी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका मित्रवत व्यवहार सबके दिलों में स्मरणीय रहेगा।

मंदिर में पौधारोपण कर दिया हरियाली का संदेश

पेटलावद। नगर में समाजसेवा के क्षेत्र में अपना विशिष्ट पहचान बना चुके डॉ श्री दादूजी महाराज संस्थान ओर पेटलावद पुलिस ने पर्यावरण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण ओर सराहनीय कार्य किया। इसमें दादूजी महाराज संस्थान के प्रमुख अशोक वर्मा, हरीश राठौर ओर एसडीओपी अनुरक्ति सबनानी ओर थाना प्रभारी निर्भयसिंह भूरिया के नेतृत्व में प्रसिद्ध श्री खेड़ापति हनुमानजी मंदिर पर वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस आयोजन में पेटलावद क्षेत्र के वरिष्ठ मुकुट चौहान की विशिष्ट ओर गरिमामई उपस्थिति रही। एसडीओपी अनुरक्ति सबनानी ने कहा कि हमें सिर्फ पौधे नहीं लगाना चाहिए, उनकी देखभाल कर बड़ा करके हरियाली भी करनी है। ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण से बचने के लिए पेड़ लगाना जरूरी है। आज पेटलावद में सभी साथियों ने 15 से अधिक पौधे लगाए हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर व्यक्ति अपने जन्मदिन पर एक पेड़ जरूर लगाए। सभी ने मिलकर पीपल, नीम, बरगद, सागौन के पौधे लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी ली। अशोक वर्मा, जिला अध्यक्ष हरीश राठौड़, जिला उपाध्यक्ष मोहन परमार, लायंस क्लब ग्रेटर के अध्यक्ष वीरेंद्र भट्ट, अखिल भारतीय सीरवी महासभा महिला जिला अध्यक्ष कविता परमार, तहसील अध्यक्षअर्जुन ठाकुर, पत्रकार ओ पी मालवीय , तहसील उपाध्यक्ष इमरान खान, ग्रामीण अध्यक्ष उमेश पाटीदार, नीलिमा डाबी, राकेश डाबी , सुभाष वर्मा, अभिषेक वर्मा, सुमन सोलंकी पीयूष राठौड़, दीपक राठौड़, प्रणय वर्मा, पंडित प्रदीप बब्बन दवे संजय चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

ऑपरेशन हेलो : पुलिस ने लौटाए 105 मोबाइल

आलीराजपुर। जनहितकारी पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हुए जिला पुलिस आलीराजपुर ने एक बार फिर सफलता हासिल की है। ऑपरेशन हेलो के अंतर्गत सायबर सेल ने 105 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 21 लाख 90 हजार रुपये है। वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सभी मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए जाएंगे। एसपी रघुवंश कुमार सिंह के निर्देशन में गुम मोबाइल संबंधी प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सायबर सेल को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति उमठ बघेल के मार्गदर्शन में सायबर सेल की टीम ने आधुनिक तकनीकी संसाधनों, डिजिटल ट्रैकिंग, वैज्ञानिक विश्लेषण एवं सतत मॉनिटरिंग के माध्यम से मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए। ऑपरेशन हेलो के तहत इससे पहले भी 937 से अधिक गुम मोबाइल फोन सफलतापूर्वक ट्रेस कर उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाए जा चुके हैं। लगातार मिल रही सफलता से आमजन में जिला पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारी बैठक

बड़वानी, (नवभारत)। भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य एवं दिव्य रथयात्रा के सफल आयोजन को लेकर इस्कॉन एवं सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में योग माया मंदिर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें 23 जुलाई को निकलने वाली श्रीश्री जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं सेवा कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

रथयात्रा को सुव्यवस्थित, भव्य और ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से समितियों के दायित्व तय किए। यात्रा मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, प्रसाद वितरण, स्वागत मंच, साफ-सफाई, स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही समाज के प्रत्येक वर्ग की अधिक से अधिक सहभागिता करने का आह्वान किया।

आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। अनुमान है कि इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल होंगे। धर्मप्रेमी नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने रथयात्रा को सफल बनाने के लिए तन-मन से सेवा देने का संकल्प लिया। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी के दिव्य रथयात्रा महोत्सव में सहभागी बनने की अपील की। बैठक में धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

डेढ़ किमी तक हाईवे जर्जर, हादसों का अंदेशा

▶ सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता ने पत्र लिखकर बताई समस्याएं

सेंधवा, (नवभारत)। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 3 से पीपलधार होते हुए पुराने एबी रोड़ का लगभग 1.50 किमी का हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस कारण यहां आम जनता को आवागमन में तो परेशानी उठाना पड़ रही है साथ ही दुर्घटना का भी अंदेशा बना रहता है। इस मार्ग के मरम्मत कार्य एवं मजबुतीकरण की मांग प्रदेश शासन से की गई है।

सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बीएल जैन ने इस समस्या को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री, प्रमुख सचिव लोनिवि एवं कलेक्टर बड़वानी को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया है कि सेंधवा शहर के मध्य से पुर्व में मुम्बई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 3 बना हुआ था। इंदौर-बिजासन के मध्य फोरलेन मार्ग निर्मित होने से सन् 2011 से सेंधवा शहर के बाहर बायपास मार्ग बनाया गया है ऐसी स्थिती में शहर से निकलने वाला पुराना मुम्बई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग अब राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग के अधीन आता है।

नगर पालिका सेंधवा की निधी एवं राज्य शासन के सहयोग से निजी रेस्टारेंट से इंदिरा कॉलोनी तक सीमेंट-.कांक्रिट का फोरलेन मार्ग डिवाईडर सहित निर्मित हो चुका है, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग से शहर को जोड़ने वाले पीपलधार से मैकेनिक नगर होते हुए गौशाला तक लगभग 1.50 किमी मार्ग अभी भी कई स्थानों पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिससे वाहन चालकों एवं यात्रियों को आवागमन में काफी असुविधा हो रही है। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग मे महावीर कॉलोनी से पीपलधार के मध्य अस्पताल, मैकेनिग नगर, स्कुल एवं बिजासन माता मंदिर होने के कारण यहां आवागमन का भी भारी दबाव रहता है।

जैन ने पत्र मे अवगत कराया है कि इस सड़क का निर्माण लगभग 4-5 वर्ष पुर्व हुआ है, लेकिन बार-बार उक्त हिस्से का मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाता है। शिकायतें करने पर तात्कालिक रूप से काम चलाऊ मरम्मत कार्य कर दिया जाता है। लेकिन स्थायी मजबुतीकरण कार्य नही होने से आए दिन आम जनता को इस जानलेवा सड़क से यात्रा करने के लिए मजबुर होना पड़ता है। पत्र में इसकी स्वीकृति की मांग की है।

जिला माहेश्वरी सभा आलीराजपुर का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न

▶ भरत माहेश्वरी जिलाध्यक्ष और रितेश काबरा जिला सचिव

▶ 40 सदस्यीय कार्यकारी मंडल का भी किया गठन

आलीराजपुर। जिला माहेश्वरी सभा, आलीराजपुर के निर्वाचन सत्र 2026-29 का निर्वाचन अगाल धर्मशाला, जोबट में सौहार्दपूर्ण एवं निर्विरोध वातावरण में संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया पश्चिम मध्य प्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी सभा द्वारा नियुक्त जिला निर्वाचन अधिकारी गोविंदा गुप्ता के निर्देशन तथा प्रदेश द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक ओमप्रकाश झंवर (बाग) की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

जिला पदाधिकारियों, अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल एवं प्रदेश कार्यकारी मंडल के विभिन्न पदों पर सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निर्वाचन में भरत माहेश्वरी (आम्बुआ) को जिला माहेश्वरी सभा का जिलाध्यक्ष तथा रितेश काबरा (आलीराजपुर) को जिला सचिव निर्वाचित किया गया। वहीं मनोहरलाल अगाल (जोबट) वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आशीष सोमानी (आलीराजपुर) एवं अनिल मालानी (खट्टाली) उपाध्यक्ष, संजय सोमानी (जोबट) एवं प्रदीप नगवाड़िया (नानपुर) संयुक्त सचिव चुने गए।

नई कार्यकारिणी और समिति का भी बनाई

इसके साथ ही जिला माहेश्वरी सभा आलीराजपुर की नई कार्यकारिणी एवं कार्यसमिति का विधिवत गठन पूर्ण हुआ। जिला कार्यसमिति एवं कार्यकारी मंडल में विभिन्न तहसील इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ महिला एवं युवा संगठन के पदाधिकारियों को भी पदेन सदस्य के रूप में स्थान दिया गया, जिससे संगठनात्मक सहभागिता को और अधिक व्यापक बनाया गया। पर्यवेक्षक ओमप्रकाश झंवर ने समाज की एकजुटता, अनुशासन एवं संगठनात्मक भावना की सराहना करते हुए नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दीं। जिला निर्वाचन अधिकारी गोविंदा गुप्ता ने निर्वाचन प्रक्रिया के शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निर्विरोध संपन्न होने पर समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से निर्वाचन गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन कार्यक्रम में माहेश्वरी महिला संगठन भोज अंचल की प्रदेश संयुक्त मंत्री अनिता कोठारी, जिला महिला संगठन की जिला सचिव जयश्री सोमानी, युवा संगठन के जिलाध्यक्ष आदित्य कोठारी, जिला सचिव दीपांशु थेपड़िया, मोन्टू नगवाड़िया सहित समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

जोबट नगर परिषद में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति का किया अनावरण

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और राष्ट्रसेवा पर मंत्री ने डाला प्रकाश

आलीराजपुर। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर नगर परिषद जोबट, जिला आलीराजपुर में उनकी प्रतिमा का अनावरण मध्य प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री संपतिया उइके द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, सांसद अनीता चौहान, थांदला पूर्व विधायक कल सिंह भाबर, जिला अध्यक्ष मकू परवाल सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव के संरक्षण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी देशवासियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

7 हजार की मोटर ले उड़े बदमाश

इंदौर. बड़गोंदा पुलिस ने स्टोर रूम से डामर प्लांट की मोटर चोरी होने के मामले में तीन दिन बाद प्रकरण दर्ज किया है, चोर 7 हजार रुपए कीमत की पांच हॉर्स पावर की मोटर चुराकर फरार हो गए. ग्राम आशापुरा स्थित अनमोल रेस्टोरेंट के पास बने स्टोर रूम से एक से दोपहर के बीच किसी अज्ञात बदमाश ने डामर प्लांट में इस्तेमाल होने वाली क्राप्टेन कंपनी की पांच हॉर्स पावर की मोटर चोरी कर ली. बड़गोंदा थाना प्रभारी प्रकाश वासक्ले का कहना है कि प्रदीप यादव की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

एक नजर में

आम महोत्सव-2026 में बढ़ाया आलीराजपुर जिले और मध्य प्रदेश का मान

लखनऊ में महका आलीराजपुर का केसर, किसान राठौर रहे अव्वल

आलीराजपुर। अलीराजपुर जिले के विकासखंड अलीराजपुर अंतर्गत ग्राम छोटा उंडवा के प्रगतिशील कृषक युवराज सिंह राठौर ने आम उत्पादन एवं संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए आम महोत्सव-2026 में जिले एवं मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है। सीमित संसाधनों एवं अनेक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने परिश्रम, नवाचार एवं वैज्ञानिक खेती के माध्यम से सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

राठौर अपने कृषि फार्म पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की लगभग 140 प्रसिद्ध आम की किस्मों का संरक्षण एवं उत्पादन कर रहे हैं। उनके फार्म से प्रतिवर्ष लगभग 20 से 22 लाख रुपये मूल्य के आमों का विक्रय मध्यप्रदेश सहित दिल्ली, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में किया जाता है। राठौर ने बताया कि आम की खेती की प्रेरणा उन्हें अपने दादाजी से मिली, जो पारंपरिक खेती के साथ प्रकृति एवं पौधों के प्रति विशेष लगाव रखते थे। बचपन से खेती के प्रति विकसित रुचि ने उन्हें आधुनिक और वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। वर्तमान में वे वैज्ञानिक पद्धति से आम की उन्नत खेती कर रहे हैं तथा उन्हें राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के वैज्ञानिकों का समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है।

राठौर अनुभव अन्य किसानों के साथ साझा करते हुए युवाओं को भी आधुनिक कृषि अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। हाल ही में लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में आयोजित आम महोत्सव-2026 में युवराज सिंह राठौर ने अपनी उत्कृष्ट आम किस्मों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उन्हें फजली, रूमानी, नूरजहां, राजापुरी, केसर, मनोहारी और हापुस किस्मों में प्रथम पुरस्कार और चौसा किस्म में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उद्यानिकी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। राठौर की यह उपलब्धि अलीराजपुर जिले के साथ-साथ पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक सोच, नवाचार और सतत परिश्रम के माध्यम से कृषि को लाभकारी एवं सम्मानजनक व्यवसाय बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि किसान अपने खेत को केवल जमीन नहीं, बल्कि अपने सपनों की पहचान समझकर मेहनत करें, तो वही खेत उनकी सफलता का आधार बन सकता है।